तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

12 दिनभर बिजली संकट से जनजीवन बेहाल गुस्साए लोगों को लगाया जाम...



12 रंगारंग प्रस्तुतियों से युवतियों ने मचाया धमाल



माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर रजत ने किया शीर्षासन, तिरंगा लहराकर बनाया विश्व रिकॉर्ड



बराड़ा। माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर तिरंगा फहराते हुए रजत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

हौसले बुलंद हों तो ऊंचाइयां भी छोटी पड़ जाती हैं। इस कहावत को सच कर दिखाया है महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रजत ने। रजत ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एल्ब्रुस पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर वहां तिरंगा लहराया और चोटी पर शीर्षासन कर अपनी साहसिक उपलब्धि से सभी को हैरान कर दिया। कॉलेज के अनुसार, रजत ने इस उपलब्धि के माध्यम से विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। उसकी इस सफलता से महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। रूस में स्थित माउंट एल्ब्रुस समुद्र तल से 5,642 मीटर की ऊंचाई पर है। इतनी ऊंचाई पर पहुंचना अपने आप में चुनौतीपूर्ण है, वहीं वहां शीर्षासन करना रजत के साहस, शारीरिक क्षमता, संतुलन और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। रजत को इस पर्वतारोहण अभियान और उपलब्धि के लिए रूसी पर्वतारोहण संघ की ओर से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया है। ग्रामीण परिवेश में स्थित महाविद्यालय के विद्यार्थी की इस उपलब्धि को विशेष रूप से गौरवपूर्ण माना जा रहा है। रजत ने यह साबित किया है कि प्रतिभा और मेहनत किसी क्षेत्र या परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और उसे हासिल करने का जुनून हो तो बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है।

रजत को किया सम्मानित

रजत की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने उसे स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रजत की सफलता पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उसकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर प्रयास और साहस के बल पर कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने रजत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूकर देश और महाविद्यालय का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) डॉ. विजय चौहान भी उपस्थित रहे। उन्होंने रजत की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे साहसिक अभियान युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, शारीरिक दृढ़ता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। महाविद्यालय परिवार ने रजत की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हौसले ने हराई हिमालय की चुनौती, प्रदीप मुंडेजा ने एवरेस्ट बेस कैंप पर फहराया पीएनबी का ध्वज

करनाल। करनाल निवासी एवं पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय करनाल में मुख्य प्रबंधक प्रदीप मुंडेजा ने नेपाल स्थित 5,364 मीटर ऊंचे एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचकर पंजाब नेशनल बैंक का ध्वज फहराया। उन्होंने 5 से 17 अक्टूबर तक चले अभियान में करीब 130 किलोमीटर की कठिन हिमालयी पैदल यात्रा पूरी की। दुर्गम रास्तों, कम ऑक्सीजन, कड़ाके की ठंड और लगातार बढ़ती ऊंचाई की चुनौतियों के बावजूद मुंडेजा ने अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। उनकी उपलब्धि इसलिए भी खास है कि वे 100 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। उन्होंने भारत से पूरी यात्रा की योजना स्वयं बनाई और पुणे के एक ट्रेकिंग समूह के साथ अभियान पूरा किया। मुंडेजा सुपर रैंडोन्यूर साइक्लिस्ट हैं और प्रोकैम के प्रतिष्ठित रनिंग आयोजनों में भी हिस्सा ले चुके हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन के राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने सफलता का श्रेय परिवार, सहकर्मियों, ट्रेकिंग टीम और पंजाब नेशनल बैंक से मिले प्रोत्साहन को दिया।

- 100 प्रतिशत श्रवण बाधित मुख्य प्रबंधक ने 130 किलोमीटर का कठिन ट्रेक किया पूरा



करनाल। एवरेस्ट बेस कैंप पर पंजाब नेशनल बैंक का ध्वज फहराते प्रदीप मुंडेजा।

खबर संक्षेप

प्रोफेसर से मारपीट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस में लॉ फैकल्टी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जतिन गहलोन से मारपीट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष उर्फ टोबो को गिरफ्तार कर लिया है। वह कैथल जिले के झांबा गांव का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार था। सीआईए-2 की टीम ने उसे रात को कुरुक्षेत्र से पकड़ा। अब पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। सीआईए-2 इंचार्ज मनदीप सिंह के अनुसार, मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया गया था। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब तक पकड़े गए आरोपियों की संख्या पांच हो गई है। घटना 14 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे की है।

कैंसर के रोगी की ट्रेन से कट कर मौत

पानीपत। पानीपत रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय अशोक कुमार निवासी गांव गांव घोघडीपुर जिला करनाल की मौत हो गई। जीआरपी ने अशोक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, जीआरपी की जांच में पता चला कि अशोक कैंसर से पीड़ित था और शुक्रवार को पानीपत के एक निजी अस्पताल में उसका ऑपरेशन होना था। अशोक अपने उपचार के लिए वार्ड-11 चुंगी के पास की सैनी कालोनी में अपने साले धर्मवीर के घर रूका हुआ था।

बाइक असंतुलित होने पर गिरी, युवक की मौत

पानीपत। पानीपत में जीटी रोड पर डीएलएफ व एल्डिको के पास वीरवार की शाम को बाइक असंतुलित होने से सडक पर गिरकर 42 वर्षीय सुरेंद्र निवासी गांव बडौली जिला पानीपत की की मौत हो गई। सुरेंद्र एक कंपनी में सुरक्षा कर्मी की नौकरी करता था। हादसे के समय वह बाइक पर सवार होकर गांव बडौली जा रहा था। बताया जा रहा है कि सडक पर एक गड्ढे की वजह से उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुरेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहीद भगत सिंह किसान यूनियन का थानेसर मार्केट कमेटी कार्यालय पर प्रदर्शन

पोर्टल पर कहीं बासमती तो कहीं बंजर दिखा दी जमीन, धान बेचने के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

धान की सरकारी खरीद के बीच पोर्टल पर फसल और जमीन का गलत ब्योरा दर्ज होने का मामला सामने आया है। किसानों का आरोप है कि खेतों में गैर-बासमती धान की फसल होने के बावजूद पोर्टल पर उसे बासमती दिखा दिया गया, जबकि कुछ जमीन को बंजर दर्ज कर दिया गया। इससे किसानों को मंडी में धान बेचने और गेट पास बनवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को शहीद भगत सिंह किसान यूनियन ने किसानों के साथ मार्केट कमेटी कार्यालय थानेसर में रोष प्रदर्शन किया। यूनियन ने सोमवार तक पोर्टल पर दर्ज गलत जानकारी ठीक करने का अल्टीमेटम दिया है। यूनियन के जिला प्रधान एडवोकेट संजू नंबरदार ने बताया कि सुनहेड़ी खालसा, बीड़ अमीन, तिगरी खालसा और इस्हाकपुर सहित कई गांवों के किसान करीब 20 दिन से एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। किसानों ने समाधान शिविर में भी शिकायत दी, लेकिन उनके अनुसार समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

- सोमवार तक सुधार का अल्टीमेटम



कुरुक्षेत्र। थानेसर मार्केट कमेटी कार्यालय पर प्रदर्शन करते शहीद भगत सिंह किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

13 किल्ले जमीन में 7 एकड़ पर बासमती दर्ज

बीड़ अमीन निवासी किसान रविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी करीब 13 किल्ले जमीन के पोर्टल पर पहले गैर-बासमती धान का विवरण दर्ज था। अब करीब सात एकड़ जमीन पर बासमती धान दिखाया जा रहा है। इसके अलावा लगभग दो किल्ले जमीन को खेती योग्य न दिखाकर बंजर दर्ज कर दिया गया है। किसान का कहना है कि इस गड़बड़ी के कारण धान बेचने में परेशानी आ रही है और करीब 250 क्विंटल धान बिक्री के इंतजार में पड़ा है। रविंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि वह पटवारी से तीन बार संपर्क कर चुके हैं। हर बार पोर्टल अपडेट होने की बात कही गई, लेकिन समस्या बरकरार है। उनका यह भी आरोप है कि सत्यापन के लिए पटवारी खेत में नहीं पहुंचे और कार्यालय में बैठकर ही जानकारी अपडेट कर दी गई।

जमीन का ब्योरा गलत होने का आरोप

यूनियन के महासचिव संजीव आलमपुर ने बताया कि पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज होने की शिकायतें कई गांवों से मिल रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक किसान की करीब साढ़े 16 किल्ले जमीन में लगभग नौ किल्ले पर बासमती धान दर्ज कर दिया गया। कुछ मामलों में जमीन को बंजर दिखाने की भी शिकायत है।

सोमवार तक सुधार नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन

यूनियन ने मांग की कि जिन गांवों में गिरदावरी या पोर्टल पर फसल और जमीन का विवरण गलत दर्ज है, उसे तुरंत ठीक किया जाए। पटवारियों को खेतों में भेजकर वास्तविक स्थिति की जांच कराई जाए, ताकि किसानों को सरकारी खरीद के दौरान धान बेचने और गेट पास बनवाने में दिक्कत न आए। एडवोकेट संजू नंबरदार ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन तहसीलदार कार्यालय पर ताला लगाने का कदम उठाएगी।

मंडियों में बाहर की सस्ती धान खपाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने का आरोप

- भाकियू सर छोटूराम ने उठाए सवाल—लोकल फसल बिक चुकी तो धान से भरी ट्रालियां कहां से आ रहीं



करनाल। धान खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगाते भाकियू सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी।

करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा में धान खरीद में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों से सस्ते दाम पर धान खरीदकर करनाल की मंडियों में महंगे दाम पर बेची जा रही है। इसके लिए उन किसानों के पोर्टल का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिनकी धान पहले ही निजी तौर पर बिक चुकी है। मैहला ने आरोप लगाया कि पहले किसानों की धान सस्ते दाम पर खरीदी गई और अब बाहर से सस्ती धान मंगाकर मोटा मुनाफा कमाने के साथ सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने राइस मिलरों, व्यापारियों और आढ़तियों के साथ मंडी प्रशासन व खरीद एजेंसियों के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया। यूनियन ने राइस मिलों की फिजिकल वेरिफिकेशन कराने और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व अन्य लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। बहादुर मैहला ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से ट्रकों में धान लाकर करनाल के आसपास खेतों में उसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरा जाता है और फिर मंडियों तक पहुंचाया जाता है। उनके अनुसार स्थानीय किसानों की धान बिक चुकी है और खेतों में फसल भी नहीं खड़ी, इसके बावजूद मंडियों में धान से भरी ट्रालियों की लाइन लगी हुई है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की। आरोप लगाया कि निजी तौर पर बिकने वाली बारीक धान 1509 के पोर्टल का दुरुपयोग कर उसकी जगह पीआर धान दिखाते हुए बाहर की सस्ती धान बेची जा रही है। इस बार करनाल में 1509 धान का बड़ा क्षेत्र था और इसे निजी व्यापारियों ने खरीदा था।

दो दिन बाद नहर में मिले युवक के शव की पहचान, पंजाब का परमिंद्र निकला मृतक

- 17 अक्टूबर को घर के पास नहर किनारे बैठा था युवक, पैर फिसलने से गिरने की आशंका; पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

ज्योतिसर के पास नरवाना ब्रांच नहर से मिले अज्ञात युवक के शव की दो दिन बाद पहचान हो गई है। मृतक की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के गांव लाचरू खुर्द निवासी परमिंद्र सिंह (38) के रूप में हुई है। गुरुवार शाम को परिजन गोताखोर के माध्यम से मिली शव की फोटो के आधार पर पहचान करने के लिए एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 20 अक्टूबर को ज्योतिसर पुलिस चौकी को नरवाना ब्रांच नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष आंकी गई थी। उसने काले रंग की पैंट और ग्रे रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी।



मृतक परमिंद्र।

व्हाट्सएप पर मिली शव की फोटो

परिजनों के अनुसार, परमिंद्र 17 अक्टूबर को कथित तौर पर शराब के नशे में घर के पास नहर किनारे बैठा था। इसी दौरान पैर फिसलने से उसके नहर में गिरने की आशंका है। परिवार ने उसकी तलाश के लिए गोताखोरों की मदद भी ली थी। बाद में नहर से अज्ञात युवक का शव मिलने की खबर और उसकी फोटो सोशल मीडिया व व्हाट्सएप के माध्यम से परिजनों तक पहुंची। इसके बाद वे कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान की।

युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

यमुनानगर। गांव हुंडेवाला में प्रेम विवाह करने वाली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका ने पांच साल पहले गांव हुंडेवाला निवासी पंकज से प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की केसर नगर कॉलोनी निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उनकी बेटी शिल्पी ने करीब पांच साल पहले हुंडेवाला गांव निवासी पंकज के साथ घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। इस बात से नाराज होकर उन्होंने बेटी से संबंध खत्म कर लिए थे। पंकज प्लाईवुड फैक्ट्री में लकड़ी सप्लाई का काम करता है। सोमवार को एक परिचित ने अशोक को बताया कि हुंडेवाला गांव में किसी लड़की की हत्या हुई है। उसने उनसे पता करने को कहा कि कहीं वह उनकी बेटी तो नहीं। इसके बाद अशोक पंकज की फैक्ट्री पहुंचे। वहां पता चला कि पंकज की पत्नी की मौत हो गई है। इसलिए वह काम पर नहीं आया। इसके बाद अशोक पुलिस को साथ लेकर हुंडेवाला गांव पहुंचे और बेटी की ससुराल गए। वहां शिल्पी के तीसरे का खाना खिलाया जा रहा था। अशोक के अनुसार पुलिस ने शिल्पी के ससुर विनोद से मौत के बारे में पूछा तो उसने बताया कि बहू को हार्ट अटैक आया था और शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई थी।

शिव नगर कॉलोनी कैंप में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे व तलवारें

- पुलिस ने दोनों पक्षों के दर्जन भर युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की शिव नगर कॉलोनी कैंप में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे व तलवारे चली। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रेलवे फाटक शिवनगर कैंप निवासी आशीष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले शोएब के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। आशीष कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को रात साढ़े नौ बजे वह कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान उसका शोएब के साथ झगड़ा हो गया। शोएब ने अपने साथी काका, नसीम, जावेद, सूरज व आधा दर्जन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उस पर रॉड, डंडों व तलवारों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शुरू कर दी। उधर, जावेद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी आशीष ने अपने साथियों देव, दीपक, लांबा, भोला, राजेश व अन्य लड़कों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने डंडों विंडो व तलवार से उस पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

यमुनानगर। शहर की थापर कॉलोनी में तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गाधोली कॉलोनी निवासी काका ने बताया कि उसके रिश्ते के भाई मनीष ने फोन कर सूचना दी कि उसके भाई 33 वर्षीय मनोज का थापर कॉलोनी में एसएस इंटरप्राइजेज के पास एक्सीडेंट हो गया है। मनोज को स्वामी विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही वह अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने मनोज की उपचार के दौरान मौत होने की जानकारी दी। उसने बताया कि आसपास के लोगों से घटना के बारे में पता करने पर जानकारी मिली कि ऑल्टो कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े मनोज को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनोज कार और बिजली के ट्रांसफार्मर के बीच फंस गया।

डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 9.30 एकड़ में बनी अवैध कालोनी में बने रोड नेटवर्क, सीवरेज व डीपीसी के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 9.30 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।



आग में राख हुई पॉलिएस्टर फैक्टरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के काबडी रोड एरिया के कुलदीप नगर में स्थित विक्की नामक युवक की पॉलिएस्टर फैक्टरी में कथित रूप से बिजली के शॉट सर्क्रिट के कारण आग लग गई। वहीं, हवा बहने के कारण आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर दमकल केंद्र, हाली पार्क से एक के बाद एक कई टेंडर आग को काबू करने के लिए भेजे गए। वहीं, कडे प्रयास कर दमकल विंग ने आग को काबू कर लिया। इधर, फैक्टरी मालिक विक्की ने बताया कि उनकी फैक्टरी में आग लगने की वजह से शार्ट सर्किट बताई गई है। आग से उनकी पोलिस्टर मशीनें, नाइलोन मशीनें, गारनेट मशीन, पैनल, बिल्डिंग आदि जलकर राख हो गई। इससे उनका लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। इधर, फैक्टरी की दीवार से लगते स्थानीय निवासी सचिन के घर में भी आग की तपीश से दरारें आ गई है। इस घटना की दमकल के मुख्य अधिकारी जा कर रहे है। आग की तपिश या अन्य कारणों से मकान में दरारें आईं, इसकी तकनीकी पुष्टि होना बाकी है।



पानीपत। पॉलिएस्टर फैक्टरी में लगी आग को काबू करते हुए दमकल कर्मी।

रत्नावली राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रत्नावली हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की पहचान

- 33 विधाओं में 3 हजार से अधिक कलाकार दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रत्नावली महोत्सव हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। रत्नावली समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सहित कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस महोत्सव के आयोजन की गौरवशाली परम्परा रही है। इस सांस्कृतिक महोत्सव में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़े, कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुशासन व समाचार माध्यमों के जरिए हरियाणा के जन-जन व देश के कोने-कोने तक यह कार्यक्रम पहुंचे, इसकी हर स्तर पर व्यवस्था की जाए। यह उद्गार कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने रत्नावली के आयोजन के लिए गठित कमेटियों के संयोजकों व सदस्यों को शुक्रवार को आयोजित हुई बैठक में निर्देश देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि हरियाणवी सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी तक पंहुचाना विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है। हर मंच व कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मौका दिया जाएगा।



30 अक्टूबर से सजेगा रत्नावली समारोह

रत्नावली समारोह के संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में पहले दिन 30 अक्टूबर को ऑडिटोरियम हाल के मुख्य मंच पर रिचुअल, लूर नृत्य हरियाणवी, पॉप सोंग हरियाणवी व हरियाणवी कोरियोग्राफी, आरके सदन में हरियाणवी भजन, इयूट रागनी, ओपन एयर थियेटर में सोलो डांस (पुरुष), रागनी प्रतियोगिता, सीनेट हॉल में हरियाणवी भाषण, पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता, खुले मंच पर सांग कंपटीशन स्टूडेंट्स तथा क्रश हॉल में फोक पेंटिंग कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि दूसरे दिन 31 अक्टूबर को ऑडिटोरियम हॉल में सोलो डांस (महिला), फॉक कॉस्ट्यूम पुरुष एवं महिला, हरियाणवी फैशन शो, हरियाणवी फॉक ऑरकेस्ट्रा, आरके सदन में हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी गजल, ओपन एयर थियेटर में हरियाणवी स्किट एवं टिट-बिट्स, सीनेट हॉल में हरियाणवी क्विज (प्री) व हरियाणवी क्विज फाइनल, खुला मंच पर सांग प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा क्रश हॉल में एंटिक हरियाणवी संग्रह प्रदर्शनी बोहिया, इंडी, पिड्डा, बिंदरवाल, सांझी को प्रदर्शित किया जाएगा।

न्यूज डायरी

एसआईआर के 2563 नोटिसों की सुनवाई बाकी, 28 अक्टूबर तक निपटाने के निर्देश



करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने जिले के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लंबित नोटिसों का निपटारा 28 अक्तूबर तक करने के निर्देश दिए हैं। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 नवंबर को होगा। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद एडीसी ने बताया कि जिले में एसआईआर के तहत 2 लाख 70 हजार 165 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। इनमें 2 लाख 67 हजार 598 नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है, जबकि 2563 यानी 0.94 प्रतिशत नोटिसों की सुनवाई बाकी है।

नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने पर फोकस, हरियाणा में 12 ड्रग कार्टेल चिन्हित

करनाल। जिले में नशा तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस और विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें लगातार कार्रवाई करेंगी। शुक्रवार को लघु सचिवालय में एनकॉर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि नशे को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में एसपी करन गोयल भी मौजूद रहे।बैठक से पहले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की राज्य स्तरीय बैठक हुई, जिसमें नशा तस्करी के खिलाफ रोडमैप पर चर्चा की गई। एडीसी ने बताया कि हरियाणा को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के लिए कैटेगरी-ए में रखा गया है और इसका पूर्ण संचालन मार्च 2027 तक करने का लक्ष्य है।प्रदेश में सितंबर 2026 तक 50 महत्वपूर्ण एनडीपीएस मामलों को चिन्हित कर अभियोजन निदेशालय के साथ मॉनिटर किया जा रहा है। इन प्रयासों के तहत एक महत्वपूर्ण मामले में 14 साल की कैद और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा भी सुनिश्चित हुई है।

बिजनेस आइडिया को मिलेगी उड़ान, विद्यार्थियों में विकसित होंगे उद्यमशीलता के कौशल



करनाल। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में कुशल बिजनेस चैलेंज 3.0 के तहत आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का राज्य परियोजना समन्वयक एलएसक्यूएफ मीनू दहिया ने निरीक्षण किया। उनके साथ कोऑर्डिनेटर अमरीश शर्मा और जमशेद खान भी मौजूद रहे। मीनू दहिया ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शिक्षकों की सहभागिता और गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी का जायजा लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को केबीसी 3.0 को अपने विद्यालयों में कक्षा स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इससे जोड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों में रचनात्मकता, उद्यमशीलता, समस्या समाधान और व्यावहारिक कौशल विकसित किए जाएं।

श्लोकों की गूंज से महाविद्यालय में जीवंत हुई संस्कृत, रौनक ने पाया पहला स्थान



करनाल। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान बढ़ाने और शुद्ध श्लोक उच्चारण की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रौनक ने प्रथम और बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिनाक्षी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अजय और पारस संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं संस्कृत के प्रति अनुराग पैदा करने के साथ भारतीय संस्कृति और परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

पुलिस शहीदों की याद में रोपे पौधे, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



करनाल। पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्तूबर से राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्तूबर तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत करनाल पुलिस ने शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया। डीएसपी मुख्यालय संदीप सिंह ने थाना निसिंग और लघु सचिवालय परिसर में पौधारोपण किया। इसके अलावा जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पौधे लगाकर कर्तव्य पालन के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित वातावरण के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया गया।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को मिलेगा मंडल स्तर पर मौका



करनाल। डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 'बाल दिवस-2026' के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने उनका स्वागत किया। मंजू चौधरी ने बताया कि बाल भवन और कालिदास रंगशाला में समूह नृत्य, एकल गीत, भक्ति समूह गान, फन गेम्स, बेस्ट ड्रामेबाज, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, क्ले मॉडलिंग और क्विज की प्रतियोगिताएं विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गईं। प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

निलंबित महिला सरपंच मंजू देवी को जिला आयुक्त की ओर से राहत मिली



घरौंडा। गांव हसनपुर की निलंबित महिला सरपंच मंजू देवी को जिला आयुक्त की ओर से राहत मिली है। आयुक्त ने सरपंच को निलंबित करने के पूर्व आदेशों पर स्टे दे दिया है। इस संबंध में आदेश जारी होने के बाद शुक्रवार को सरपंच प्रतिनिधि जगबीर सिंह गांव के सैकड़ों लोगों के साथ बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे और आदेश की प्रति बीडीपीओ सोमबीर कुमार को सौंपी। बता दें कि 14 अक्टूबर को जिला उपायुक्त ने गांव हसनपुर की महिला सरपंच मंजू देवी को निलंबित कर दिया था। इसके बाद उनके स्थान पर अनु रानी को कार्यवाहक सरपंच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिला उपायुक्त के इस फैसले के खिलाफ मंजू देवी ने जिला आयुक्त के समक्ष अपील दायर की थी।

ज्ञान, प्रतिभा और आत्मविश्वास का संगम बनी इंटर-हाउस क्विज प्रतियोगिता

तरावड़ी। एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन, भाषाई कौशल के विकास तथा बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हिंदी एवं अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना, सामान्य ज्ञान को विकसित करना तथा उनकी तार्किक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता को निखारना था।प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों हिमालय हाउस, अरावली हाउस, नीलगिरी हाउस और शिवालिक हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को इंटर-हाउस आधार पर आयोजित किया गया, जिसमें सभी सदनों के प्रतिभागियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, व्याकरण, साहित्य, शब्दावली और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी सदनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

त्योहारों पर बाजारों में अतिक्रमण किया तो चालान के साथ सामान भी होगा जब्त

निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने मार्केट एसोसिएशनों के साथ की बैठक, दुकानदारों को पीली पट्टी के भीतर सामान रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। अतिक्रमण रोकने को लेकर मार्केट एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं निगमायुक्त सलोनी शर्मा।

त्योहारी सीजन में बाजारों की बढ़ती भीड़ के बीच सुचारू आवागमन और अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने विभिन्न मार्केट एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों को निर्धारित पीली पट्टी के भीतर ही सामान रखना होगा। पीली पट्टी से आगे सामान रखकर अतिक्रमण करने पर चालान के साथ सामान जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

निगमायुक्त ने कहा कि त्योहारी सीजन में बाजारों में भीड़ बढ़ने से अतिक्रमण के कारण जाम और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फिलहाल मुनादी के जरिए दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद नियम तोड़ने वालों के खिलाफ प्रवर्तन दल कार्रवाई करेगा। मार्केट एसोसिएशनों को भी दुकानदारों को निर्धारित सीमा का पालन करवाने में सहयोग करने को कहा गया है। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, वार्ड-8 के पार्षद एवं कर्ण गेट मार्केट एसोसिएशन प्रधान संकल्प भंडारी, सेनीटेशन टीम के सदस्य, विभिन्न मार्केट एसोसिएशनों के पदाधिकारी और दुकानदार मौजूद रहे।

गलत जगह बनी पीली पट्टी होगी दुरुस्त

बैठक में दुकानदारों ने बताया कि कुछ स्थानों पर पीली पट्टी निर्धारित सीमा से आगे बनी है। इस पर निगमायुक्त ने अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार और सेनीटेशन टीम को मौके का निरीक्षण कर जरूरत के अनुसार पट्टी दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद गुरुवार शाम अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने सेनीटेशन टीम, सिटी थाना एसएचओ राम लाल और मार्केट एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ कर्ण गेट, दयालपुरा गेट और सचदेवा मार्केट रोड का निरीक्षण किया। यहां पीली पट्टी को पीछे करने और अतिक्रमण रोकने को लेकर चर्चा की गई। सलोनी शर्मा ने दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों और मार्केट एसोसिएशनों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि रास्तों व सार्वजनिक स्थानों पर सामान रखकर आवागमन बाधित न किया जाए, ताकि ग्राहकों के साथ बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी न हो।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच पावर हाउसों पर पुलिस का रहा पहरा

- बिजली आपूर्ति बहाल कराने में भी उतरी टीमें, प्रशासन और बिजली निगम से लगातार समन्वय

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। हड़ताल के बीच पावर हाउस पर सुरक्षा व्यवस्था संभालते पुलिसकर्मी।

हरियाणा में बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के बीच करनाल पुलिस ने जिले के पावर हाउसों और अन्य महत्वपूर्ण बिजली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के निर्देश पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर संदिग्ध गतिविधियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस के अनुसार बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए जिला प्रशासन और बिजली निगम के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। आमजन को राहत दिलाने के लिए थाना असंध प्रबंधक निरीक्षक राजेश कुमार, थाना निसिंग प्रबंधक निरीक्षक कृष्ण कुमार और चौकी सदर बाजार इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार सहित अन्य पुलिस टीमों ने भी अपने क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया।पुलिस बल को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रखा गया है। पावर हाउसों पर तैनात जवान लगातार ड्यूटी कर रहे हैं और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा भी की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, अपुष्ट सूचना सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

ऊर्जा मंत्री के संसदीय क्षेत्र में जनता जवाब किससे मांगे : बुद्धिराजा

करनाल। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल और लंबे बिजली कटों को लेकर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घरों से लेकर दुकानों और कारोबार तक बिजली संकट का असर पड़ रहा है, ऐसे में सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जनता को राहत कब मिलेगी। बुद्धिराजा ने कहा कि वर्ष 2014 में कांग्रेस सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं की कुछ श्रेणियों में बिजली दरें घटाकर राहत दी थी, जबकि अप्रैल 2025 में हरियाणा में कुछ घरेलू श्रेणियों की दरें बढ़ाई गईं। उन्होंने बिजली वितरण में निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार बताए कि निजीकरण के नाम पर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा और कर्मचारियों के हित सुरक्षित रहेंगे।



तरावड़ी। शहर में बिजली गुल होने से बाजार सूने हुए। *फोटो : हरिभूमि*

तरावड़ी में ब्लैकआउट जैसे हालात

तरावड़ी। हरियाणा में बिजली कर्मचारियों की दूसरे दिन की हड़ताल का असर अब आमजन के जीवन पर दिखाई देने लगा है। हड़ताल के दूसरे दिन भी तरावड़ी शहर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। शहर में पिछले 48 घंटे से बिजली गुल होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से घरों में अंधेरा छाया हुआ है, वहीं पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण घरों में लगी पानी की टंकियां खाली हो चुकी हैं। इसका सीधा असर बच्चों की दिनचर्या पर पड़ा है और कई बच्चे पानी की व्यवस्था न होने के कारण स्कूल जाने से वंचित रह गए। वहीं, घरों में पानी की कमी के चलते रसोई का कामकाज भी प्रभावित हुआ है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को पीने के पानी के लिए भी बाजार पर निर्भर होना पड़ रहा है। दुकानदार सुशील कुमार, संदीप कुमार, राजकुमार, कपिल सहित अन्य लोगों ने बताया कि परसों रात से ही बिजली नहीं आ रही है। लंबे समय तक बिजली गुल रहने के कारण इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। घरों में न तो पर्याप्त रोशनी है और न ही पानी की उपलब्धता। लोगों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई परिवारों को पीने के लिए बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर कई बार शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है।

तरावड़ी बिजली कार्यालय में दूसरे दिन भी कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

तरावड़ी। हरियाणा में दूसरे दिन भी बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों के सामने बिजली के साथ-साथ पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया है। दूसरे दिन शुक्रवार को तरावड़ी स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने सरकार से बिजली विभाग के निजीकरण से संबंधित आदेशों को वापस लेने की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से उनके भविष्य और उनके परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उनका आरोप है कि बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया से कर्मचारियों के रोजगार और उनके बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों ने कहा कि बिजली विभाग आम जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने वाला महत्वपूर्ण विभाग है। ऐसे में विभाग के निजीकरण से कर्मचारियों के हितों पर असर पडने के साथ-साथ आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि उनके हितों को ध्यान में रखते हुए निजीकरण से जुड़े आदेशों को वापस लिया जाए और कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाए।



तरावड़ी। बिजली के दफ्तर के सामने कर्मचारी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

मासूम रिया को कस्बे से करनाल ले जाने में आई बाधा

जाम ने रोक दी जिंदगी की रफ्तार

- रास्ता नहीं मिलने पर वापस घरौंडा अस्पताल लाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



सड़क पर लगा जाम किसी के लिए कुछ मिनटों की परेशानी हो सकता है, लेकिन जब जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे किसी मरीज की एंबुलेंस उसी जाम में फंस जाए तो हर गुजरता पल भारी पड़ने लगता है। घरौंडा में शुक्रवार को ऐसा ही दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया, जहां नाजुक हालत में करनाल रेफर की गई साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची रिया को लेकर जा रही एंबुलेंस पानीपत से करनाल जाने वाली सर्विस लेन पर लगे जाम में फंस गई। एंबुलेंस चालक ने रास्ता निकालने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन जाम के बीच से निकलने का रास्ता नहीं मिल सका। बच्ची की बिगड़ती हालत और एंबुलेंस के आगे नहीं बढ़ पाने के कारण परिजनों की चिंता बढ़ती चली गई। आखिरकार बच्ची को दोबारा घरौंडा अस्पताल लाना पड़ा। बाद में दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर आपातकालीन स्थिति में मरीज को ले जा रही एंबुलेंस ही जाम में बेबस होकर खड़ी रह जाए तो मरीज की जान की जिम्मेदारी किसकी होगी?

वाहनों की लंबी कतारों के बीच फंसी एंबुलेंस के लिए रास्ता नहीं मिलना यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

एंबुलेंस चालक के प्रयास नाकाम

पानीपत से करनाल जाने वाली सर्विस लेन पर जाम के कारण एंबुलेंस आगे नहीं बढ़ सकी। चालक ने जाम से निकलने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन रास्ता नहीं मिल पाया। दूसरी ओर, एंबुलेंस में नाजुक हालत में मौजूद मासूम को जल्द उपचार के लिए पहुंचाना जरूरी था। समय बीतने के साथ परिजनों की चिंता भी बढ़ती गई। स्थिति ऐसी बन गई कि बच्ची को लेकर करनाल की ओर आगे बढ़ना संभव नहीं हो पाया। आखिरकार उसे दोबारा घरौंडा अस्पताल लाने का फैसला करना पड़ा। इसके बाद दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था की गई और बच्ची को करनाल ले जाकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

न्यूज डायरी

जनसंघ ने स्थापना दिवस पर भरी चुनावी हुंकार भाजपा से भटके मतदाताओं को देंगे विकल्प

करनाल। करनाल में अखिल भारतीय जनसंघ के जिला कार्यालय में शुक्रवार को जनसंघ का स्थापना दिवस मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अश्वनी दत्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।अश्वनी दत्ता ने कहा कि जनसंघ की स्थापना 1951 में हुई थी और भाजपा के कई बड़े नेता जनसंघ से निकले हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में जनसंघ अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगा और उस पार्टी का समर्थन करेगा जो सनातन के हित में काम करेगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनसंघ भाजपा का विकल्प बनेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत भूषण पांडे देशभर में संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय गोढ़, महासचिव चांद किशन वैद्य, विनोद अग्रवाल, राजिंदर शर्मा, अशोक शर्मा, राकेश मेहता, सतपाल बबेजा, पवन जांगड़ा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका और सुगम स्वच्छता की टीम मिलकर बनाएगी शहर को 4 डस्टबिन युक्त



तरावड़ी। सरकार के निर्देशानुसार और नगर पालिका तरावड़ी सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार फॉर बीन कैंपेन शहर में घर के कचरे को चार प्रकार के डस्टबिन में अलग-अलग करने को लेकर चर्चाओं में है । नगर पालिका और सुगम स्वच्छता की टीम मिलकर लोगों के घरों में जाकर जानकारी दे रही है कि वे अपने घरों में चार प्रकार के डस्टबिन लगाना सुनिश्चित करें और अपने घर के कचरे को इन डस्टबिनों में अलग-अलग रखना भी सुनिश्चित करें । नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि इस समय शहर में चार प्रकार के डस्टबिनों को प्रयोग में लाने के लिए नगर पालिका तरावड़ी प्रयासरत है । इस कार्य के लिए स्कूल व बाजार में सामूहिक रूप से लोगों को समझाया जा रहा है।

वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग



करनाल। वोट चोरी के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को करनाल में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए जिला सचिवालय के सामने उनका पुतला फूंका। कुलदीप शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी के खिलाफ देशभर में अभियान चला रहे हैं और जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देते, कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी सत्ता के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कमजोर कर रही है। कुलदीप शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर भी निशाना साधा।

बीबीपुर जाटान में मां बाला त्रिपुर सुंदरी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



इंद्री। गांव बीबीपुर जाटान स्थित श्री चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्री विद्या मां बाला त्रिपुर सुंदरी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन गांव मे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की करीब 125 महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर भाग लिया। कलश यात्रा में आठ मुख्य ध्वज व 125 ध्वज विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार 21 वेदपाठी ब्राह्मणों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की। यात्रा के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में नजर आया। मंदिर के महंत दिगंबर कल्याणपुरी जी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में श्री विद्या मां बाला त्रिपुर सुंदरी का भव्य मंदिर बनाया गया है। इसकी प्राण प्रतिष्ठा के लिए पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति से सम्मान पाकर लौटे अरविंद शर्मा का बुद्धा कॉलेज में किया गया भव्य स्वागत



करनाल। बुद्धा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद शर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किए जाने पर कॉलेज प्रबंधन ने उनका भव्य स्वागत किया। कॉलेज निदेशक नितेश गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया। निदेशक नितेश गुप्ता और सीईओ अभिनव गुप्ता ने इसे पूरे कॉलेज परिवार के लिए गौरव की उपलब्धि बताया। अरविंद शर्मा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के पूर्व विद्यार्थी हैं। उन्होंने तीसरे प्रिंट बिएनाले इंडिया-2026 में अपनी उपलब्धि से संस्थान और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। अंतरराष्ट्रीय आयोजन में 34 देशों के कलाकारों ने अपनी कलाकृतियां भेजीं, जबकि चयनित कलाकारों ने 30 देशों का प्रतिनिधित्व किया। उनकी उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सम्मानित किया।

पांच टीमों ने प्रश्नोत्तरी में दिखाई प्रतिभा



करनाल। पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन, बौद्धिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। पांच टीमों ने इसमें भाग लेकर विषय संबंधी ज्ञान और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम-बी ने प्रथम और टीम-डी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां सामान्य ज्ञान के साथ विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करती हैं। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. तरुणा और डॉ. नीलम शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. रश्मि तुली और डॉ. मीनू आनंद भी मौजूद रहीं।

सीसीटीवी बनेगा सुरक्षा की तीसरी आंख, कैमरा लगाने के साथ रिकॉर्डिंग बचाना भी जरूरी

करनाल। जिले में अपराधों की रोकथाम और आमजन की सुरक्षा को लेकर करनाल पुलिस ने लोगों, दुकानदारों, व्यापारियों और प्रतिष्ठान संचालकों से घरों, दुकानों, कार्यालयों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने कहा कि सीसीटीवी चोरी, सेंधमारी, वाहन चोरी सहित अन्य वारदातों की रोकथाम के साथ अपराधियों की पहचान और महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में मददगार साबित होते हैं। केवल कैमरे लगाना पर्याप्त नहीं है। कैमरों का चालू होना, उनकी दिशा सही होना और फुटेज स्पष्ट होने के साथ रिकॉर्डिंग सुरक्षित रहना भी जरूरी है। नागरिक समय-समय पर डीवीआर/एनवीआर में तारीख और समय की सेटिंग तथा स्टोरेज क्षमता जांचें। महत्वपूर्ण फुटेज का बैकअप रखें और सिस्टम का डिफॉल्ट पासवर्ड बदलकर मजबूत पासवर्ड इस्तेमाल करें। कैमरों के लेंस साफ रखने और बिजली बाधित होने की स्थिति में बैकअप बिजली व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

जमानत पर आए युवकों ने हमलावरों के साथ घर में की तोड़फोड़, पुलिस ने किया केस दर्ज

तरावड़ी। गांव रमाना-रमानी में वीरवार की देर रात्रि करीब डेढ़ बजे गांव के ही रहने वाले एक युवक ने एक घर पर दर्जनों युवकों के साथ मिलकर हमला बोल दिया। जिस समय हमलावरों ने हमला किया उस समय परिवार के सदस्य सो रहे थे। हमलावर घर पर काफी तोडफ़ोड़ करके मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक गांव रमाना-रमानी के रहने वाले किसान रामबीर गांव में करियाने की दुकान चलाते हैं। कई महीने पहले गांव के ही रहने वाले कुलजोत एवं खुशप्रीत के साथ आपसी कहासुनी के बाद विवाद हो गया था, जिसके बाद कुलजोत व खुशप्रीत को सजा हुई थी, लेकिन अब बेल पर आने के बाद कुलजोत एवं खुशप्रीत ने दर्जनों साथियों के साथ रामबीर के घर पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। पीड़ित रामबीर ने पुलिस को शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है और कहा है कि दर्जनों हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

खबर संक्षेप

ऑन-स्पॉट पैराफ्रेशिंग प्रतियोगिता आयोजित

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग के तहत विद्यार्थियों के लिए ऑन-स्पॉट पैराफ्रेशिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें आस्था व दीया प्रथम, अंजलि व अंशुल द्वितीय, ईशा व क्रिष्का तृतीय रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम, एकता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

दुकान से मिठाई के तीन सैंपल लिए

पानीपत। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु कार्रवाई की गई। वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विक्रम पचिसिया द्वारा पानीपत के सनौली रोड स्थित दो मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए कुल तीन खाद्य नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय मेला 25 को

पानीपत। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रमुख समाजसेवी हरीश गुप्ता ने बताया कि शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय वार्षिक मेला धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भारतीय संस्कृति का भव्य संगम बनेगा। इस आयोजन में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी 25 को पानीपत में

पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार, 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले खटीक समाज सम्मेलन और संत निरंकारी समागम में शिकरत करेंगे। सीएम सैनी के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ और पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने पुलिस लाइन, एनएफएल, आर्य कॉलेज, हुडा सेक्टर 13-17 सहित कार्यक्रम स्थलों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि, संत निरंकारी समागम में सीएम सैनी के शामिल होने की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

कांग्रेसियों ने मशाल यात्रा निकाली

पानीपत। कांग्रेसियों ने वोट बचाओ देश बचाओ और श्वोट बचाओ, संविधान बचाओ के नारों के साथ मशाल यात्रा निकाली। जिसमें कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला व एआईसीसी से नीतू वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिंदर पाल बुल्ले शाह, जिला शहरी अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह आदि कांग्रेसियों ने भाग लिया। मशाल यात्रा खंडा चौक से शुरू होकर जीटी रोड सर्विस लेन के रास्ते तहसील कैंप स्थित फतेहपुरी चौक पर पहुंची।

भाजपा सरकार की आलोचना की

पानीपत। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला प्रधान कुलदीप राठी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करने में पूरी तरह से विफल साबित हो चुकी है। प्रदेश का हर वर्ग सरकार की नीतियों से नाराज है। उन्होंने आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों का समर्थन करते हुए कहा कि बिजली का निजीकरण जनतहित में नहीं है। इनेलो नेता कपिल बुद्धिराजा, प्रवीण तोमर, किशन भोक्कर, नरेन्द्र, शिवकुमार, जोगिंदर आदि ने भी प्रदेश सरकार की आलोचना की।

मंत्री गंगवा 29 को पानीपत में आएंगे

पानीपत। प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार 29 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉक्टर हरीश वशिष्ठ ने दी।

बिजली की मांग कम होने पर थर्मल में दो यूनिट में 460 मेगावाट बिजली का उत्पादन बंद

बिजली व पानी नहीं मिलने से आधा पानीपत जिला प्यासा व अंधेरे में रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

बिजली के सभी निगमों के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पानीपत, समालखा के शहरी क्षेत्र, इसराना, मतलौडा, बापौली, सनौली खुर्द ब्लाकों के तहत आने वाले गांवों के अधिकतर हिस्सों में बिजली की आपूर्ति बाधित है। वहीं, बिजली नहीं मिलने के कारण शहरी व ग्रामीण अंचल में पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। जिला में अनेक ऐसे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र है बिजली व पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। बिजली व पानी नहीं मिलने से आधा पानीपत जिला प्यासा व अंधेरे में है। कर्मियों ने प्रदर्शन किया बिजली के निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत हड़ताली कर्मचारियों व अधिकारियों ने बिजली निगमों के सभी कार्यालयों पर धरना व प्रदर्शन किया। कर्मचारियों के आंदोलन को सीटू से सुनील दत्त, भाकियू के जिला प्रधान दिलबाग सिंह बिंझौल, महासचिव रणबीर गुलिया, इनेलो के जिला प्रधान भी कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन देने के लिए आंदोलनस्थलों पर पहुंचे।



पानीपत। मुख्य बिजली घर के सामने आंदोलन करते हुए हडताली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

4000 शिकायतें, सिर्फ 2600 का समाधान

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ा। बिजली निगम के कंट्रोल रूम में पिछले 48 घंटे में लगभग 4 हजार शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें ट्रांसफार्मर खराब, तार टूटना, फ्यूज उडना, सिंगल फेस और पूरे मोहल्ले की लाइट गुल होने की शिकायतें शामिल हैं। निगम के अधिकारियों का दावा है कि वैकल्पिक व्यवस्था से 2600 शिकायतें बंद कर दी गई हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। पानीपत के कच्चा कैंप, विराट नगर, सनौली रोड, मॉडल टाउन, गांव काबड़ी, इसराना, समालखा और मडलौडा के कई इलाकों में 12 से 18 घंटे तक बिजली गायब रही। लोग इनवर्टर जवाब दे जाने के बाद मोमबत्ती जलाने को मजबूर हुए। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे उद्योगों, आटा चक्की, बर्फ फैक्ट्री और पानी की मोटर चलाने वाले लोगों को हुई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से पानीपत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री भी बुरी तरह से प्रभावित चल रही है।



करोड़ों का नुकसान

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते प्रदेश भर में बिजली की आपूर्ति व्यवस्था लडखडा गई है। हड़ताल के कारण नागरिकों को उनकी डिमांड के अनुसार बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। लोड डिस्पैच सेंटर पर सही डाटा नहीं पहुंचने से ग्रिड मैनेजमेंट भी प्रभावित हो रहा है। इससे निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। वहीं, हरियाणा में बिजली की मांग कम होने के चलते पानीपत थर्मल पावर स्टेशन प्रशासन ने 210 मेगावाट क्षमता वाली छठी व 250 मेगावाट क्षमता वाली आठवीं युनिट में बिजली का उत्पादन बंद कर दिया है। थर्मल प्रशासन ने दावा किया कि है बिजली की मांग कम होने पर थर्मल की छठी व आठवीं युनिटों को बंद किया गया है। जबकि 250 मेगावाट क्षमता वाली सातवीं युनिट में बिजली का उत्पादन चल रहा है। थर्मल प्रशासन ने बताया कि बिजली की मांग आने पर बंद छठी व आठवीं युनिटों को चलाया जाएगा।



पानीपत। बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी के साथ विजेता बच्चे। फोटो : हरिभूमि

बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया

■ बच्चों की प्रतिभा पहचान उन्हें आगे बढने का मार्ग बनाएं अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल दिवस प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को सोलो डांस, क्लासिकल सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, फैंसी ड्रेस एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं, जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि हर बच्चे में कोई ना कोई प्रतिभा अवश्य होती है, अभिभावकों को अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचाने हुए उसे आगे बढ़ने के जहां प्रेरित करना चाहिए वहीं उसके लिए सफलता का मार्ग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे ही भारत का सुनहेरी भविष्य है। इसके मद्देनजर बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। दूसरी ओर, प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और कला का शानदार प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इधर, रितु राठी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच प्रदान करना है।

कबूतरबाजी की आरोपी शारदा गिरफ्तार

पानीपत। थाना इसराना पुलिस ने पानीपत से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर सचिन पुत्र सत्यवान निवासी गांव नौल्था जिला पानीपत को जर्मनी भेजने का झांसा देकर रूस और बेलारूस में फंसाने के मामले में आरोपी शारदा निवासी दिल्ली को मुंबई के हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। दो साल पहले दर्ज मुकदमें की जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते का इस्तेमाल विदेश भेजने के नाम पर पैसों की ट्रांजेक्शन के लिए किया गया था। उसके खाते में 3.19 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। आरोपी के विदेश में होने के कारण उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था।

धरती पर भगवान का स्वरूप है डॉक्टरः डॉ. सोनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

एनसी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस बैच-2026 के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तहत व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। वहीं, विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि हरियाणा सर्विस कमीशन की सदस्य डॉ. सोनिया त्रिखा व विशिष्ट अतिथि पुलिस कप्तान मेधा भूषण ने व्हाइट कोट पहनाकर बधाई व उज्ज्वल भविष्य आशीर्वाद दिया। वहीं, नव विद्यार्थियों को चरक शपथ भी दिलवाई गई। इधर, डॉ. सोनिया त्रिखा ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक, रोगी व हादसों घायल हुए लोगों को नया जीवन देता है, इसके मद्देनजर चिकित्सक धरती पर भगवान का स्वरूप है। वहीं, चिकित्सा के विद्यार्थियों को अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे मित्रों और सकारात्मक वातावरण के साथ आगे बढ़ने तथा अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।



इसराना। एनसी मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोर्ट सेरेमनी में शिरकत करते अतिथि व विद्यार्थी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. विजय दहिया चेयरमैन धर्मवीर गुप्ता डॉ. बी. गुप्ता, वाइस चेयरमैन भूषण गुप्ता, सचिव विजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, अक्षय गुप्ता विन्यास गुप्ता, डायरेक्टर मेजर जनरल डॉ. पीके सिंह, मेडिकल सुपरीटेंडेंट मेजर जनरल एसपीएस कोचर, कर्नल रामकुमार, कर्नल जगबीर सिंह जागलान, डॉ. राजेश आदि उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने यमुना नदी का शैक्षिक भ्रमण किया

पानीपत। आईबी महाविद्यालय के बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में यमुना नदी के तट क्षेत्र का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक परिवेश में विभिन्न वनस्पतियों और जीवों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह विद्यार्थियों व शिक्षक को रवाना करते हुए कहा कि व्यावहारिक ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक परिवेश से अच्छी कोई प्रयोगशाला नहीं हो सकती और उन्होंने जीव विज्ञान विभाग के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह, प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष पवन कुमार, रजनी, स्वाति, शोधार्थी योगेश शर्मा तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी राममेहर शर्मा व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आध्यात्मिकता को धारण करें नागरिक

■ 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का शुभारंभ हुआ, देश व विदेशों से पहुंच रहे है लाखों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

वास्तविक जागृति तभी आती है, जब मनुष्य हर पल परमात्मा की उपस्थिति का एहसास करते हुए आध्यात्मिकता को अपने जीवन में धारण करता है। ये प्रेरणादायी उद्गार सतगुरु मां सुदीक्षा ने 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के प्रथम दिवस 'मानवता के नाम संदेश' में व्यक्त किए। वहीं, शुक्रवार को शुरू हुए चार दिवसीय संत समागम का शुभारंभ मां सुदीक्षा व निरंकारी राजपिता रमित की उपस्थित में हुआ। वहीं, समागन में देश व विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे है। इधर, मां सुदीक्षा ने कहा कि देश-विदेश से संत-महापुरुषों के एकत्रित होने का मूल उद्देश्य मानव मन में आध्यात्मिक जागृति बनाए रखना है, ताकि जीवन के प्रत्येक पल को पूर्ण चेतना एवं परमात्मा के एहसास के साथ जिया जा सके। मां सुदीक्षा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, परिवार, समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए एक जागरूक वैश्विक नागरिक बनना चाहिए। जाति-पाति, भाषा, क्षेत्र अथवा स्वभाव के अंतर से ऊपर उठकर प्रत्येक इंसान को प्रेम, सम्मान और अपनत्व के भाव से स्वीकार करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक आध्यात्मिक जागृति केवल विचारों या दिखावे तक सीमित नहीं होती, बल्कि हमारे व्यवहार, आचरण और सामाजिक कर्तव्यों में भी प्रकट होनी चाहिए।



समालखा। निरंकारी संत समागम में श्रद्धालुओं के बीच मां सुदीक्षा। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संत निरंकारी मंडल के जनरल सेक्रेटरी सुखदेव सिंह, मंडल की प्रधान राजकुमारी, एसएल गर्ग, एचएस चावला आदि ने मां सुदीक्षा व निरंकारी राजपिता रमित का स्वागत किया। इस अवर पर लाखों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धन की कमी में बच्चे अनपढ़ नहीं रहेंगेः विज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत से भाजपा के विधायक प्रमोद विज ने अपने स्वर्गीय पिता, भाजपा के पांच बार विधायक रहे स्व. फतेह चंद विज की स्मृति में एक अनूठी और प्रेरणास्पद पहल की शुरुआत की है। विधायक प्रमोद विज ने शहर के नागरिकों से भावुक अपील की है कि वे समाज की ऐसी जरूरतमंद बचाव को आगे लाएं, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है और जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहे हैं। वहीं, विधायक विज ने घोषणा की है कि ऐसी सभी बच्चों की उच्च शिक्षा और पठन-पाठन का संपूर्ण खर्च वे खुद उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया है कि ऐसी बच्चों को उनके कार्यालय या आवास तक पहुंचाया जाए, ताकि उनके भविष्य को संवारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तुरंत कदम उठाए जा सकें।



रुद्र मलिक ने कुश्ती में जीता गोल्ड



इसराना। गोल्ड मेडल विजेता रुद्र मलिक के साथ लिटिल ऐंजल स्कूल के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

जिला स्तरीय स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में किया गया। जिसमें लिटिल ऐंजल प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल माड़ी-बांध मोड़ के रुद्र मलिक पुत्र मोहित मलिक ने 34 किलों भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। स्कूल पहुंचने पर स्कूल मुख्याध्यापक सुखबीर सहरावत, प्रबंधक सोमवती सहरावत, निशा, रितु, बाला, सरिता, प्रियंका, रेनु, कविता, बाला रानी सीमा आदि ने रूद्र मलिक का स्वागत किया और उसे उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

देशहित में सौर उर्जा को अपनाएं नागरिकः जैन



पानीपत। अग्रणी एफएमसीजी समूह और बहु-व्यावसायिक कॉर्पोरेशन धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के साथ साझेदारी कर पावरिंग बरोटा टुवर्ड्स नेट जीरो विलेज' परियोजना का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य हरियाणा के करनाल के गांव बरोटा में रूफटॉप सोलर को तेजी से अपनाने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण विकास को गति देना है। वहीं, डीएस ग्रुप के जनरल मैनेजर, सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर प्रभाकांत जैन ने कहा कि पावरिंग बरोटा टुवर्ड्स नेट जीरो विलेज परियोजना समुदाय-केंद्रित, सतत विकास के प्रति डीएस ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वहीं, इस परियोजना का लक्ष्य गांव के सभी पात्र घरों में ऑन-ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाने में मदद करना है, जिसके तहत हर घर के लिए तीन किलोवाट क्षमता की योजना है।

समारोह करनाल जोनल युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया

आर्य पीजी कॉलेज ने 21वीं बार ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर रचा इतिहास

आर्य कॉलेज 22 विधाओं में प्रथम, 12 में द्वितीय व पांच में तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित 21वें जोनल युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 21वीं बार ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम कर इतिहास रच दिया। आर्य कॉलेज के प्रतिभागियों ने 22 विधाओं में प्रथम, 12 में द्वितीय तथा पांच विधाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में विजेता विद्यार्थियों के सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में समारोह में महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, वरिष्ठ सदस्य एवं उप-प्रधान वीरेंद्र शिंगला, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता, उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के निदेशक डॉ. रामनिवास, प्रभारी डॉ. नीलू खालसा सहित समिति के सदस्यों एवं प्राध्यापकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

इधर, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता ने कहा कि आर्य पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने 21वीं बार ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को और सशक्त किया है। डॉ. गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने इस शानदार उपलब्धि के लिए युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निदेशक डॉ. रामनिवास, प्रभारी डॉ. नीलू खालसा, डॉ. रजनी शर्मा, प्राध्यापक अकरम खान तथा सभी सहयोगी प्राध्यापकों के प्रयासों की सराहना की।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

यतिन व तनीषा बने बेस्ट एथलीट

पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शुक्रवार को विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ में तनीषा खर्ब ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय, प्रियांशी ने तृतीय रहे। 200 मे तनीषा खर्ब प्रथम, प्रियांशी द्वितीय तथा खुशबू तृतीय, 800 में तनीषा खर्ब ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय तथा चांदना ने तृतीय, लंबी कूद में तनीषा खर्ब प्रथम, चांदना द्वितीय तथा भावना तृतीय रहे। छात्र वर्ग में यतिन, अतुल मलिक, शुभन, अनिकेत, यश, शुभम विजेता रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने पुरस्कृत किया।

मंडियों में धान की आवक बढ़ी

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 22 अक्टूबर तक कुल 154779 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 12936.0 मीट्रिक टन धान पीआर तथा 1509 किस्म की 140452.0 मीट्रिक टन धान, सरबती 7 मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 1288.7 मीट्रिक टन व मुछल 94.8 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली (पानीपत) में 8 कंडम कमरों की क्षतिग्रस्त करने हेतु खुली बोली दिनांक 27-10-2026 को प्रातः दोपहर 11 बजे विद्यालय के प्रांगण में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता बोली में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। बोली की अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। किसी भी तरह की जानकारी के लिए विद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं।

प्रधानाचार्या
राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली (पानीपत)

खबर संक्षेप

कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया

अंबाला। ईआरओ एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अब तक किए गए कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं की फोटो के सत्यापन सहित अन्य लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं और जिनका सत्यापन अभी लंबित है, उनके घर-घर जाकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से पुनः सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान संबंधित क्षेत्र के सरपंच, पंच एवं नंबरदार से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाए।

10 दिवसीय प्रेक्टिकल कार्यशाला का समापन

नारायणगढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयके प्लेसमेंट सैल द्वारा प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार के निर्देशन एवं कार्यकारी प्राचार्य प्रो. संजीव अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में ब्रेन अप आईटी अकादमीके सहयोग से आयोजित 10 दिवसीय प्रेक्टिकल कार्यशाला आईटी स्किल्स, एआई टूल्स एंड करियर रेडीनेस का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 10 दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब डिजाइनिंग,बिना कोडिंग के वेबसाइट बनाना, एआई टूल्स और रिज्यूमे व पोर्टफोलियो बनाना जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

स्विमिंग खेल अकादमी के लिए ट्रॉयल 30 को

अंबाला। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिला में रिहायशी स्विमिंग खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे ऑल वेदर स्विमिंग पूल अंबाला छावनी में आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल का उद्देश्य राज्य के प्रतिभावान तैराकों को चुनकर उन्हें रिहायशी अकादमी में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। रिहायशी अकादमी के नियम एवं शर्तों के अनुसार खिलाड़ी हरियाणा का मूल निवासी हो, आयु प्रमाण आयु की गणना जन्म प्रमाण पत्र या मैट्रिक प्रमाण पत्र के अनुसार होनी चाहिए।

चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने किया दौरा

नारायणगढ़। डीएनटी (हरियाणा विमुक्त, घुमंतू जाति विकास) बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा एवं वाइस चेयरमैन ओमपाल सिंह ने शुक्रवार को यहां का दौरा किया। एसडीएम शिवजीत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। डीएनटी समुदाय के लोगों को व्यवस्थित रूप से बसाने तथा उनके पुनर्वास की दिशा में तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालस में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में घुमंतू समुदाय के लोगों के पुनर्वास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

बढ़ते संकट से लोग सरकार व बिजली कर्मियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त: पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही

दिनभर बिजली संकट से जनजीवन बेहाल गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से बने बिजली संकट से जनजीवन बेहाल हो गया। बिजली संकट से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। लोग अब पीने के पानी को भी तरस रहे हैं। बिजली न होने से तमाम प्रशासनिक कार्यालयों की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। तहसीलों में बिजली न होने से सन्नाटा पसरा है। मकान व प्लाटों की रजिस्ट्री और दूसरे सरकारी काम अटक गए हैं। घरों में पानी की किल्लत भी बढ़ गई है। 70 से 80 फीडर बंद होने का दावा किया गया है। बढ़ते संकट की वजह से अब लोग सरकार व बिजली कर्मियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। शुक्रवार को कई जगह धरने प्रदर्शन हुए। सरकार को स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। बिजली संकट के चलते जहां घरों में पानी की किल्लत खड़ी हो गई है, वहीं सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। अंबाला शहर की तहसील में जरूरी काम करवाने पहुंचे लोगों को बिजली न होने के कारण मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सरकारी कामकाज के लिए कर्मचारियों को मोबाइल की टॉर्च का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वे जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं। बिजली संकट के कारण अं रजिस्ट्री और दूसरे जरूरी सरकारी काम प्रभावित हो रहे हैं। अंबाला शहर के देवी नगर के हरमेश कुमार ने बताया कि उनके इलाके में पिछले 24 घंटे से बिजली नहीं है। वह अपने मकान की रजिस्ट्री करवाने तहसील पहुंचे थे, लेकिन वहां भी बिजली न होने के कारण उनका काम नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि बिजली संकट के कारण ऐसा लग रहा है, जैसे लोग 50 साल पीछे चले गए हों। घरों में मोमबत्ती जलानी पड़ रही है। नहाने से लेकर बच्चों को स्कूल भेजने तक में परेशानी हो रही है। बिजली संकट का असर केवल सरकारी कामकाज तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। लोगों के अनुसार, बिजली न आने से घरों की पानी की टंकियां खाली हो रही हैं। पेयजल की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। अंबाला शहर के एसके शर्मा ने बताया कि उनके घर की पानी की टंकी खाली हो चुकी है।


जाम लगाते हुए लोग।

बिजली-पानी के लिए सड़क पर उतरे लोग

बराड़ा। बिजली और पानी की किल्लत ने क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लगातार दूसरे दिन बिजली संकट से जूझ रहे कस्बावासियों का सब्र शुक्रवार को जवाब दे गया। घरों में पेयजल का संकट और दुकानों में ठप कारोबार ने लोगों के गुस्से को सड़क पर ला दिया। सुबह मुख्य बाजार में दुकानदारों ने जाम लगाकर रोष जताया तो दोपहर बाद महिलाएं, युवा और अन्य कस्बावासी भी अलग-अलग स्थानों पर सड़क पर बैठ गए। लोगों ने बिजली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाते हुए प्रशासन और बिजली व्यवस्था के प्रति नाराजगी जाहिर की। हैरानी की बात यह रही कि कुछ स्थानों पर निजी बिजली कर्मचारियों की मदद से आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया। बिजली चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन यह राहत कुछ ही समय की मेहमान साबित हुई। कुछ देर बाद फिर बिजली गुल हो गई और लोगों की परेशानी दोबारा बढ़ गई। बार-बार बिजली आने-जाने और फिर आपूर्ति ठप होने से लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

दुकानदारों ने लगाया जाम

बिजली संकट का सीधा असर कारोबार पर पड़ने से शुक्रवार सुबह मुख्य बाजार के दुकानदार सड़क पर उतर आए। बिजली न होने के कारण दुकानों का कामकाज प्रभावित हो रहा था। गुस्साए दुकानदारों ने सड़क जाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। लोगों को उम्मीद थी कि जल्द बिजली बहाल हो जाएगी, लेकिन आपूर्ति का बार-बार बाधित होना उनकी परेशानी बढ़ाता रहा। दोपहर करीब दो बजे गांव के निवासियों और अन्य कस्बावासियों ने बंसल पैलेस के नजदीक सड़क जाम कर दिया।

बिजली संकट से पानी की किल्लत

मुलाना। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से यहां पेयजल संकट गहरा गया है। बिजली न आने के कारण पानी की सप्लाई बाधित होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी की किल्लत को देखते हुए समाजसेवी नरेंद्र बिलमा ने जनहित में पहल करते हुए चार पानी के टैंकरों के माध्यम से ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण पानी की मोटरें और ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। इससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी जुटाने में परेशानी हो रही है। ऐसे में नरेंद्र बिलमा की ओर से चार टैंकरों के जरिए पानी उपलब्ध करवाने की पहल से ग्रामीणों को राहत मिली है। बिलमा ने कहा कि संकट की घड़ी में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सभी का सामाजिक दायित्व है।



बिजली निजीकरण का फैसला जनविरोधी

बराड़ा। कांग्रेस विधायक पूजा ने प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में हड़ताल कर रहे बिजली कर्मचारियों का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में उठाए जा रहे कदम जनविरोधी हैं। इससे बिजली कर्मचारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं के हित प्रभावित होने की आशंका है। विधायक पूजा ने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में 24 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांवों, शहरों और कस्बों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली पर निर्भर छोटे कारोबारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय लोगों को राहत देने के बजाय बिजली संकट ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि बिजली केवल घरेलू जरूरत नहीं, बल्कि कृषि, उद्योग, व्यापार और जनजीवन की बुनियादी आवश्यकता है। ऐसे में बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहना गंभीर चिंता का विषय है।



रोटरी क्लब ने 46 स्कूली छात्रों को बांटी नोट बुक व स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरकपुर में रोटरी क्लब की ओर से विद्यार्थियों को नोटबुक एवं स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम में बीईओ जगदीश मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोटरी क्लब प्रधान बलकार सिंह कंबोज की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 46 विद्यार्थियों को नोटबुक और आवश्यक स्टेशनरी का सामान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल की ओर से विद्यार्थियों की जरूरत को देखते हुए रोटरी क्लब से नोटबुक उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया था। इस पर क्लब ने सकारात्मक पहल करते हुए प्रत्येक बच्चे के लिए 6-6 नोटबुक और स्टेशनरी की व्यवस्था की। इस दौरान बीईओ जगदीश मेहरा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाना एक सराहनीय सामाजिक पहल है। नोटबुक और स्टेशनरी मिलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद मिलेगी।


बराड़ा। बच्चों को नोटबुक वितरित करते क्लब सदस्य।

बाधा दौड़ में शौर्य ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेना भी जरूरी, 54 विद्यार्थियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पढ़ाई के साथ खेलों को महत्व देना भी शिक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। खेल बच्चों को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते है बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, मेहनत और आगे बढ़ने की भावना भी पैदा करते है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में शास्त्री रामफल ने कक्षा छठी के विद्यार्थियों के लिए बाधा दौड़ करवाई। प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाधा दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा छठी के कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को राउंड के आधार पर करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अपनी गति, फुर्ती और संतुलन दिखाने का अवसर मिला। प्रत्येक राउंड के साथ मुकाबला और अधिक रोचक होता गया। बच्चों ने पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अपनी पूरी मेहनत की। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश के साथ बच्चों ने खेल भावना का भी परिचय दिया।बाधा दौड़ प्रतियोगिता ने भी विद्यार्थियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर दिया। शौर्य ने पहला स्थान हासिल कर प्रतिभा का परिचय दिया।


अंबाला। खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते छात्र।

आत्मविश्वास बढ़ेगा

शास्त्री रामफल की ओर से करवाई गई इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। बाधा दौड़ जैसे खेल बच्चों को तेजी से निर्णय लेना, ध्यान केंद्रित करना और कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ना सिखाते है। इसके साथ ही बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस को लेकर निकाली शोभायात्रा, लोगों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस के पावन अवसर पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान वाल्मीकि सेवा दल एवं समस्त वाल्मीकि समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि वार्ड नंबर 14 के सदस्य संदीप कोरा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। आयोजकों और श्रद्धालुओं ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन रजत मलिक ने समस्त वाल्मीकि समाज को भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सद्भाव, समानता, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।

सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया

रजत मलिक ने समाज के विकास और धार्मिक-सामाजिक आयोजनों के महत्व पर जोर देते हुए आयोजन समिति को 25 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। आयोजन समिति के सदस्यों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने इस सहयोग के लिए चेयरमैन रजत मलिक का आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा के माध्यम से भगवान वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और उनकी शिक्षाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। आयोजन में समाज के लोगों की भागीदारी ने आपसी एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं और समाज के सदस्यों का धन्यवाद किया।


बराड़ा। भगवान महर्षि वाल्मीकि का आशीर्वाद लेते चेयरमैन रजत मलिक। फोटो :हरिभूमि

तेल डिपो के एक किलोमीटर के दायरे में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध, 31 दिसंबर तक रहेंगे आदेश

अंबाला। डीसी ने जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंबाला छावनी स्थित इंडियन ऑयल एवं अन्य तेल कंपनियों के प्रतिष्ठानों, 12 क्रॉस रोड स्थित ऑयल डिपो तथा पी एंड टी कॉलोनी के समीप स्थित पेट्रोलियम डिपो, एएससी के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में सभी प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी चलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी ये आदेश 31 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश सचिन गुप्ता ने बताया कि तेल डिपो एवं पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों के आसपास पटाखे और आतिशबाजी चलाने से आग लगने की आशंका बनी रहती है, जिससे जान-माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेशों के अनुसार, निर्धारित एक किलोमीटर के दायरे में सभी प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी चलाना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, हवाई पटाखे, डायआउट, नाइटआउट और रॉकेट जैसे ऊंचाई पर जाकर विस्फोट करने वाले खतरनाक पटाखों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे पटाखों का उपयोग सामान्य रूप से तथा विशेषकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नहीं किया जा सकेगा। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक और संबंधित उपमंडल अधिकारियों को आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

बाल भवन बच्चों की छिपी प्रतिभा को तराशने का सशक्त माध्यम

रंगारंग प्रस्तुतियों से युवतियों ने मचाया धमाल

अंबाल। जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2026 का शुक्रवार को कुमारी रुक्मणी देवी हॉल में उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। समारोह में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव मीना कांबोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवालिक विकास एजेंसी की सीईओ पूजा कुमारी भी उपस्थित रही।इससे पहले जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।समारोह को संबोधित करते हुए मानद महासचिव मीना कांबोज ने कहा कि बाल भवन बच्चों की छिपी प्रतिभा को तराशने और उनके सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद का ऐसे आयोजनों को करवाने का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई के साथ-साथ अपनी संस्कृति, संस्कारों और अनुशासन को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला। रंगारंग प्रस्तुतियां देती युवतियां।

1254 विद्यार्थियों ने लिया भाग

इस अवसर पर शिवालिक विकास एजेंसी की सीईओ पूजा कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होना भी बहद जरूरी है। बाल महोत्सव का मंच बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने और उनमें आत्मविश्वास को बढाने का माध्यम है। महोत्सव के अंतिम दिन समूह नृत्य, एकल नृत्य, क्ले मॉडलिंग, मेहंदी रचाओ, शास्त्रीय नृत्य, दीया एवं कैंडल सजावट, देशभक्ति समूह गान, एकल गान, हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख तथा ऑन-द-स्पॉट स्केचिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न आयु वर्ग के 1254 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को और आकर्षक बनाया। निर्णायक की भूमिका रेखा सरीन, अनिल महंत, अरविंद सूरी, नीना, जुझार, राधा, अमनप्रीत के. बेदी, दीक्षा मक्कड़, खुशी मंगचंदा, प्रियंका अग्रवाल, डॉ. स्वारित शर्मा व डॉ. पूजा, एचएस पूरेवाल व यामिनी जैन ने निभाई।